पुस्तकालय

(2)

3263
5/3/2013

सत्यमेव जयते

28 FEB 2013

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

### (भाग–2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं०.........216.....तिथि......05-3-13

बि०स०मु०(एल०ए०वादवृत्त),184–डी०टी०पी०–1,500

**शून्यकाल**

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री प्रदीप कुमार अपने शून्यकाल की सूचना को पढ़ें ।

श्री प्रदीप कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावॉ थाना के ग्राम-डोला निवासी अनिल सिंह की हत्या दिनांक 16.01.2013 को अपराधियों द्वारा कर दिया गया है । थाना काण्ड संख्या-09/2013 दर्ज है । हत्यारा फरार है ।

अत: हत्यारों को गिरफ्तार करवाने तथा मृतक के परिजनों को 2लाख रूपये मआवजा देने की मॉग करता हूँ ।

डा0 प्रमोद कुमार सिंह: अध्यक्ष महोदय, नेशनल रूरल लिवलीहुड प्रोग्राम के तहत राज्य में संचालित जीविका (बिहार रूरल लिवलीहुड प्रोग्राम) संस्था द्वारा हैदराबाद की कम्पनी को सर्विस एजेंट बनाया गया है और उसके माध्यम से नियुक्तियों में अनियमितता बरती जा रही है ।

अतएव जीविका के कार्यकलाप की जांच कराये जाने की मांग करता हूं ।

डा0 दाउद अली : अध्यक्ष महोदय, पटना जिलान्तर्गत ग्राम-वरूना, थाना-फुलवारी के मुस्लिम 1942 के दंगे में अयंत्र चले गये थे, बशारत मियॉ के खाता सं0-8 एवं 37, प्लॉट सं0-19, 54, 56, 81, 111, 163, 191, 208, 413, रकबा-9 एकड़ 96डी0 पर अवैध कब्जा है । जमीन मालिक को कब्जा दिलाया जाय ।

श्री दिनेश कुमार सिंह: अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिला के जगदीशपुर विधान सभा अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग के पथों के निर्माण कार्यो में गिट्टी मोरन की जगह गिट्टी मिट्टी डालकर निर्माण कार्य हो रहा है ।

अत: पूरे जिले के सभी पथों का कैबिनेट भिजिलेंस से सरकार जांच करावें ।

श्रीमती पूनम देवी यादव : अध्यक्ष महोदय, खगड़िया जिला में जिला परिषद, नगर परिषद, नगर पंचायत के माध्यमिक नियोजित शिक्षकों का मानदेय और नियमित शिक्षकों का वेतन भुतान छ: माह से नहीं हुआ है । जिन्हें भुखमरी से निदान दिलाने हेतु मैं सरकार से अविलम्ब राशि उपलब्ध कराने के लिए मॉग करती हूं ।

श्री जनक सिंह: अध्यक्ष महोदय, सारण जिलान्तर्गत सारण प्रमण्डल छपरा जल संसाधन विभाग के द्वारा मथुराधाम मंदिर कोंहा, सलेमपुर-वसहीया एवं भगवानपुर-सरौंजा के पास कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य विशिष्टियों के अनुरूप नहीं है । यही स्थिति पूरे जिले की है । मैं सरकार से इसकी गुणवत्ता की त्रूटि की जांच की मांग करता हूं ।

श्री राम नरेश प्रसाद यादव: अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड मुख्यालय में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से पानी टंकी का निर्माण हुआ है, जो दोषपूर्ण होने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो रहा है ।

अत: सोनवरसा में पानी टंकी को दोषमुक्त कराकर पानी सप्लाई यथाशीघ्र कराने की मांग सरकार से करता हूं ।

टर्न-7/28.2.2013/बिपिन...

श्री ललन राम : अध्यक्ष महोदय, औरंगाबाद जिलाअंतर्गत एन0एच0 139 अम्बा से देव पथ, चतरा भाया सुन्दरगंज नवीनगर होते टंडवा से गजनाधाम तक पथ एवं महराजगंज से टंडवा पथ काफी जर्जर है । आवागमन बाधित है ।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से उक्त पथ शीघ्र बनाने का मांग करता हूं ।

श्री अरूण शंकर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, पटना स्थित महात्मा गाँधी सेतु पर बसों के ठहराव के कारण जाम की समस्या लगातार उत्पन्न है । यातायात घंटो बाधित होने के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है ।

अत: जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु ठोस उपाय करने की माँग सरकार से करता हूँ ।

श्री राज कुमार राय : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान- सभा के हसनपुर बाजार में प्राय: जाम लगा रहता है जिससे प्रतिदिन आमजनों को काफी परेशानी होती है ।

जनहित में सरकार से खुरूण्डा ब्रह्मस्थान से भारद्वाज कॉलेज मुख्य सड़क तक बाईपास सड़क सह पुल निर्माण हेतू आग्रह करता हूँ ।

श्री कन्हैया कुमार : अध्यक्ष महोदय, नवादा जिला के रजौली प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत फरकाबुर्जग के ग्राम जोवकला में एक सौ घर महादलित परिवार रहते हैं, लेकिन वहाँ एक भी विद्यालय नहीं है जिसके कारण स्थानीय बच्चों को पढ़ने में काफी कठिनाई होती है ।

मैं उक्त ग्राम में विद्यालय खोलने की माँग सरकार से करता हूँ।

श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह:अध्यक्ष महोदय, एस0एच0 74 जो हाजीपुर से लालगंज, साहेबगंज, केसरिया, अरेराज पथ काफी टेरा-मेड़ा है, इस पर अत्यधिक ट्रैफिक लोड होने से प्रतिदिन दुर्घटना होती है तथा जान-माल की क्षति के साथ विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है ।

सरकार से इस पथ को सीधा करने की माँग करता हूं ।

श्री रणधीर कुमार सोनी: अध्यक्ष महोदय, शेखपूरा विधानसभा के अन्तर्गत घाटकुशुम्भा प्रखण्ड के पानापुर गांव के नजदीक सोमा नदी पर एवं प्राणपुर और जितपारपुर के बीच मौना नदी पर पानापुर पंचायत को सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु पुल के निर्माण की माँग करता हूँ ।

श्री राजेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, बिहार को बाकिसग में पहला, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय पदक दिलाने वाले खिलाड़ी को इंडिया कैम्प में भाग लेने के लिए 30दिनों से अधिक छुट्टी नहीं मिलने के कारण खेल छोड़ने की घोषणा करना पड़ रहा है ।

सरकार से खिलाड़ियों को रेलवे, हरियाणा की भाँति छुट्टी देने की मांग करता हूं ।

श्री विजय कुमार सिन्हा: अध्यक्ष महोदय, लखीसराय नगरपरिषद क्षेत्र के वार्ड नं0 23 में पुरानी अस्पताल परिसर में स्थित पानी टंकी काफी जर्जर हो गया है और कभी भी ध्वस्त होने से कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ।

अत: उक्त जर्जर पानी टंकी को ध्वस्त कर नया पानी टंकी के निमार्ण की माँग करता हूं ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब शून्यकाल समाप्त हुआ । ध्यानाकर्षण लिए जाएंगे ।